न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी कपासन
जिला चित्तौडगढ

पीठासीन अधिकारी श्री विनोद कुमार (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या / 19 / 2019 दायर दिनांक 02.12.2019

उनवान

रामदयाल बनाम रामपाल

—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 जा0 दी0 :—

निर्णय दिनांकः 03.11.2022

—:निर्णयः—

पत्रावली पेश हुई| वकील प्रार्थी हाजिर | अप्रार्थी रामपाल दिनांक 15-01-2020 को हाजिर | आज हाजिर नही | पुनः दिनांक 08-04-2021 को एक तरफ़ा कार्यवाही की गयी | बहस प्रार्थना पत्र एक तरफ़ा सुनी गयी | दौराने बहस वकील प्रार्थी ने निवेदन किया की वाद संख्या 2/17 दिनांक 11-04-2019 को अदम हाजिरी अदम पैरवी में ख़ारिज की गयी | प्रार्थी द्वारा उक्त दिनांक को जानबुझकर गलती नही की है | प्रकरण में पुनः नंबर पर लिया जाकर सुनवाई किया जाना न्यायहित में आवश्यक है | हमने सम्पूर्ण पत्रावली का अवलोकन किया | की गयी बहस पर मनन किया | प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वाद संख्या 2/17 दिनांक 11-04-2019 को अदम हाजिरी में ख़ारिज को पुनः नंबर पर लिया जाता है | प्रार्थना पत्र 19/2019 मूल वाद 2/17 के साथ सलंग्न रहे | पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो | आदेश सुनाया गया |

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Vinod Kumar
Date: 2023.02.15 13:40:58 IST
Reason: SelfAttested

(विनोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
कपासन